तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024

12 जिले के 1282 हितग्राहियों को शिविर में मिला आयुष्मान कार्ड ...



11 जय श्री राम के नारों से गूंजी बेलमांड की गलियां





## खबर संक्षेप

### ग्राम पसौद (हल्दी) में मड़ई-मेला 7 को

**लाटाबोड़।** ग्राम पसौद (हल्दी) में 7 जनवरी को मेला मड़ई का आयोजन रखा गया है। उपसरपंच जीवन लाल साहू ने बताया कि ग्राम में मड़ई-मेला का 26वां वर्ष है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ही नाच पार्टी नवा किरण भंडारपुर जिला राजनांदगाव वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### ट्रक चालक की बेदम पिटाई तीन युवक पर अपराध दर्ज

**बालोद।** ट्रक की बैटरी को चार्ज करने ट्रक को चालू रखने पर तीन युवकों ने ट्रक चालक पर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाते हुए जमकर मारपीट कर चालक को अधमरा कर दिया। पीड़ित ट्रक चालक ने अर्जुन्दा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी जगदीश निषाद ने बताया 31 दिसम्बर को सुबह 8 बजे अपने ट्रक को ग्राम टिकरी स्थित अपने घर के सामने मैदान में खड़ा किया था। दूसरे दिन 1 जनवरी को रात्रि करीब 8.20 बजे अपने ट्रक के बैटरी को चार्ज करने के लिए ट्रक को चालू कर छोड़ दिया था। इसी दौरान बाइक सवार आरोपी राजा गंवटिया, किशोर व बंटी वहां पहुंचे और ट्रक चालू रखकर परेशान करने, वायु प्रदूषण करने का आरोप लगाते हुए जोरदार पिटाई कर दी। इससे प्रार्थी का सिर फट गया और नाक-मुंह से खून निकलने लगा। उसे अधमरा होते तक जबरदस्ती पिटा गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### अभी तक नहीं मिला अविहित अधिकारियों का मानदेय

**बालोद।** विकासखंड बालोद में अविहित अधिकारियों का मानदेय अभी तक अप्राप्त है। समय समय पर चुनाव आयोग द्वारा शिक्षकों व



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अविहित अधिकारी व बीएलओ का कार्य करवाया जाता है तथा जिसका मानदेय सही समय पर कभी प्राप्त नहीं हो पाता। आरोप है कि कार्यालय से जानकारी मांगने पर गोलमोल जवाब दिया जाता है तथा बार बार जानकारी मांगने पर जवाब से संतुष्ट नहीं हो पाने पर कार्यालय से डांट व झिड़क भी दिया जाता है। इससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है तथा आने वाले समय में कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री तक शिकायत करने की बात कही जा रही है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र हरमुख ने बताया कि ऐसा कई बार हो चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जब भी अविहित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, उस समय इन बातों को लेकर कलेक्टर से मिलकर बात रखी जायेगी।

# बैंक से राशि देने में आनाकानी, ग्राहक सेवा केंद्र भेजे जा रहे खाताधारक

## लाटाबोड़ स्थित ग्रामीण बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों पर खाताधारकों ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

विकासखंड बालोद अंतर्गत ग्राम लाटाबोड़ स्थित ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों को सीधे बैंक से पैसा न देकर आसपास स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र से पैसा निकालने की बात सामने आ रही है। वहां भी रोज पहुंचने वाले किसानों को बैंक से पैसा नहीं निकल पाने का बहाना बनाकर उन्हें, ग्राहक सेवा केन्द्र से पैसा निकालने की बात कह दी जाती है।

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर बालोद दुर्ग रोड स्थित लाटाबोड़ में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का शाखा स्थित है जहां दर्जनों से ज्यादा गांव के ग्रामीणों के साथ किसान लेन-देन के साथ बैंकिंय कार्य संपन्न करते हैं। यहां आए दिन ग्रामीणों के साथ किसानों को खेती किसानी के साथ अन्य कामों के लिए पैसे की जरूरत पड़ती ही रहती है। ऐसे में किसानों द्वारा पैसे निकालने के साथ खाते से संबंधित जानकारी के लिए भी बैंक से संपर्क किया जाता है, ताकि बैंक जाकर वे खाते से संबंधित जानकारी के साथ पैसा निकालने का कार्य भी आसानी से कर सकें और उन्हें कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े ग्रामीणों के साथ खातादार विनय कुमार यादव पवन यादव पुरानिक देशमुख ने बैंक के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि जब भी वे बैंक में जाते हैं, तो बैंक के कर्मचारियों द्वारा हर बार अलग अलग ▶▶| शेष पेज 11 पर

### सेवा केन्द्र में लगता है शुल्क

किसानों ने कहा कि जहां बैंक में पैसा निकालने व जमा करने के लिए कोई शुल्क नहीं लगता, तो वहीं ग्राहक सेवा केन्द्र में पैसा निकालने व जमा करने के लिए ग्रामीणों व किसानों को पैसा देना पड़ता है। किसानों ने आरोप लगाया कि जब इसके संबंध में बैंक से शिकायत की जाती है या जानकारी मांगी जाती है, तो बैंक कर्मचारी व कैशियर द्वारा दुर्व्यवहार पर उतर आते हैं। खाताधारकों ने इस मामले की जांच व कार्रवाई की मांग की है।



### आदेश का कर रहे पालन

हमें दुर्ग आरईओ द्वारा मौखिक आदेश दिया गया है, जिसका हम पालन कर रहे हैं।

**शिल्पा अग्रवाल,** प्रबंधक, ग्रामीण बैंक

### बैंक प्रबंधन को मौखिक आदेश

चॉइस सेंटर के कमीशन में वृद्धि हो, इसलिए हमने मौखिक आदेश बैंक प्रबंधन को दिया है। हालांकि, खाता धारक चाहे तो लाइन में लगकर 500 रूपए नकदी निकाल सकता है।

- **अनिल रजक,** आरईओ, दुर्ग।

## योजना : विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुण्डरदेही नगर पंचायत में लगा शिविर

# 5 की जगह 3 बजे ही स्टॉल समेटकर चले गए कई विभागों के जिम्मेदार, भटकते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाकर उनका लाभ दिलाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार 2 जनवरी को गुण्डरदेही नगर पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें एक से 15 वार्ड के लोग लाभान्वित हुए।

इधर शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधि ने केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर दोपहर 3 बजे चले गए। वहीं, शिविर में सभी अधिकारियों को कहा गया था कि संकल्प यात्रा शिविर में लगे सभी विभागों के स्टाल शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे। मगर 3 बजे जनप्रतिनिधियों के जाने के बाद गुण्डरदेही के महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, बैंक आफ बड़ौदा व छग राज्य ग्रामीण बैंक के जिम्मेदार अधिकारी अपने स्टाल को समेट कर चले गए। ऐसे में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचने वाले लोग भटकते रहे। जनप्रतिनिधियों की बातों को इन विभागों के अधिकारियों द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग लोकेश्वर साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, पार्षद हरीश निषाद, संतोष नेताम, शंकर यादव, विजय सोनकर, केशव साहू, रवि देवांगन ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। शिविर में केंद्र सरकार की सभी योजनाओं के स्टाल लगाए गए थे। इनमें स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, कृषि, पशु विभाग, नगर पंचायत, उज्जवला योजना, बैक आफ बड़ौदा, छग राज्य ग्रामीण बैंक का स्टाल लगा था। इसमें सभी विभाग संबंधी सभी जानकारियां देते हुए योजनाओं का लाभ लेने पात्र हितग्राहियों के आवेदन लेकर उनका निराकरण किया गया। इसमें केन्द्र सरकार की योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने शिविर स्थल मे फार्म भी भरवाया गया।

सांसद प्रतिनिधि व भारत विकसित संकल्प यात्रा के जिला सह संयोजक प्रमोद जैन ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार आम जनता के लिए काम कर रही है, सरकार की मंशा है कि इस संकल्प यात्रा में आम जनता को सीधे मोदी सरकार की योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने मोदी सरकार की गारंटी के तहत सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही गुण्डरदेही नगर पंचायत में 1200 प्रधानमंत्री आवास का निर्माण हुआ है, इनकी भी जानकारी शिविर में दी गई।






### 60 लोगों के बने आयुष्मान कार्ड, 27 को दिया गया गैस कनेक्शन

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के तहत 27 लोगों को गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 60 लोगों का कार्ड बनाया गया, साथ ही कृषि विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, महिला बाल विकास विभाग के द्वारा छोटी बच्चियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया, बैंक के अधिकारियों द्वारा मुद्रा लोन के बारे में जानकारी दी गई तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत बिना किसी गारंटी के तीन लाख तक लोन दिया जाएगा इन सभी के बारे में जानकारी दी गई।

# इस वर्ष महसूस नहीं हुई कड़ाके की ठंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर में मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदल गया है। ठिठुराए बिना ही ठंड गायब होने लगा है। नगर सहित आसपास के इलाकों में इन दिनों मौसम में स्थिरता नजर आ रही है। दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तो रात में 16 डिग्री तक बना हुआ है। हालांकि सुबह घना कोहरा जरूर छाए रहता है, लेकिन ठिठुरन भरी ठंड का अहसास इस साल जिले में कहीं पर भी महसूस नहीं किया गया। बीते साल के मुताबिक इस साल ठंड का अहसास कम हुआ। जबकि जनवरी माह ठंड के मौसम का अंतिम माह है। वर्तमान में मौसम का मिजाज देखते हुए नहीं लगता कि इस वर्ष अब जोरदार ठंड पड़ेगी। बीते कुछ वर्षों में ठिठुरन भरी ठंड के कारण स्कूल, कॉलेजों को बंद करना पड़ता था, लेकिन इस साल ऐसी कुछ स्थिति सामने नहीं आई है।

### 15 को मकर संक्राति

आपको बता दें कि 15 जनवरी सोमवार को मकर संक्रांति है और इसी दिन से ठंड की विदाई के दिन आरंभ हो जाते है। पंडित धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि 2024 में मकर संक्रांति 15 जनवरी सोमवार के दिन मनाई जाएगी। इस दिन सूर्य देव रात 2 बजकर 54 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इस विशेष दिन पर सूर्य देव उत्तरायण हो जाते हैं। ऐसे में व्यक्ति को इस दिन सूर्य पूजा से कई लाभ हो सकते हैं। मकर सक्रांति पर पूरे विधि–विधान के साथ सूर्य पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। इसके साथ ही व्यक्ति की आयु में भी वृद्धि होती है और सेहत अच्छी बनी रहती है। साथ ही यह भी माना गया है कि रवि योग में सूर्य देव की पूजा करने से व्यक्ति को अपने कार्य में सफलता मिलती है।

# 546 प्रकरणों में जब्त की गई एक हजार लीटर शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा बालोद जिला में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं सार्वजनिक स्थान पर मदिरा पीने–पिलाने वालों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है।

■ 9 माह में 1209 स्थानों पर मारा गया छापा

जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के आबकारी वृत्त बालोद, गुरूर, दल्लीराजहरा, डौण्डीलोहारा एवं गुण्डरदेही में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं अवैध रूप से मदिरापान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरूद्ध भी निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में 01 अप्रैल 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक जिले में कुल 1209 जगहों में छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 546 प्रकरण दर्ज कर कुल 1000.7 लीटर मदिरा एवं 12 वाहन जब्त की गई है। जिसमें सार्वजनिक स्थलों में मदिरापान के 208 प्रकरण, गुमटी, होटल, ढाबों में अवैध रूप से मदिरा पिलाने के 192 प्रकरण, मदिरा कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई के 136 प्रकरण तथा जेल दाखिल के 16 प्रकरण शामिल है।

# अयोध्या से ग्राम मटिया पहुंचा अक्षत कलश, निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को भगवान राम की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अक्षत कलश ग्राम मटिया में श्री हनुमान मंदिर पहुँचा। जहां अयोध्या से अक्षत कलश पहुँचने पर ग्राम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम के शत्रुघन देवांगन, चेतन बघेल, द्रोणाचार्य साहू, मणिकांत बघेल, कृपा राम रजक, लक्ष्मीनारायण साहू, धनराज साहू, घनश्याम यादव आदि ग्रामीणों ने अक्षत कलश की पूजा अर्चना कर भव्य शोभायात्रा में भाग लिया। ग्राम में अक्षत कलश की शोभायात्रा में अक्षत कलश का घर घर आरती लेकर पूजा अर्चना की गई। जय श्री राम, अयोध्या के जयकारों से गांव की गलियां गूंज उठीं। बच्चे, महिलाएं सहित पुरुष वर्ग में भी काफी उत्साह देखने को मिली।





### अक्षत कलश सिर पर लेने की होड़

शोभायात्रा के दौरान महिलाओं, छोटी कन्याओं और पुरुषों में अक्षत कलश अपने सिर पर लेकर चलने की होड़ मच गई। जिसने भी सिर पर अक्षत कलश लिया उन्होंने अपने सौभाग्य को सराहा। 22 जनवरी को अयोध्या जी में राम लला विराजमान होंगे, प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उसी के साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष के प्रत्येक ग्रामों में, नगरों में एक ही समय मे राम जी की पूजा प्रारम्भ हो जाएगी। जय श्री राम, जय राम, जय राम का जप होगा। श्री राम जी का कीर्तन, भजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि का आयोजन होगा। ग्राम मटिया में राम जी की पूजा अर्चना एवं भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा।

### ग्राम मटिया में मनाया जाएगा दीपोत्सव

22 जनवरी को सायं काल प्रत्येक घरों में श्री राम ज्योति जलाई जाएगी। घर–घर राम जी का पूजा आरती होगी। घरों के साथ ग्राम के देव स्थानों पर दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जावेगा। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान समिति खंड बालोद संयोजक वेदप्रकाश साहू ने बताया कि शोभायात्र में गांव के बनवाली रजक, गंगासागर देवांगन, लोकेंद्र साहू, राम सिंह देवांगन, मनीष साहू, हिमेश देवांगन, नंदू देवांगन, रवि शंकर देवांगन, अश्वनी साहू, टेकेश्वर बघेल, ईश्वर देवांगन, लिलार सिन्हा, संतोष सिन्हा, महावीर साहू एवं गांव की महिलाएं, बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### गुंडरदेही में मेडिटेशन अनुभूति शिविर आज से

**गुण्डरदेही।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी गुण्डरदेही द्वारा शिव दर्शन भवन गुण्डरदेही में 4 से 8 जनवरी तक 5 दिवसीय मेडिटेशन अनुभूति शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ के शिव दर्शन भवन शांति विहार गुण्डरदेही में किया जा रहा है। यह मेडिटेशन शिविर दो पाली में संचालित होगा, जिसमें प्रथम पाली सुबह 7:30 से 8:30 बजे व द्वितीय पाली शाम 6 बजे से 7:30 बजे रहेगा। इन पांच दिनों में भिन्न–भिन्न क्रियात्मक शिक्षण के माध्यम से भिन्न–भिन्न विषयों पर व्याख्यान तथा अनुभूति शिविर होगा। प्रथम दिवस पर खुशियों के खजानों की चाबी, दूसरे दिन महान विचारों का चमत्कार, तृतीय दिवस पर कर्म और भाग्य, चतुर्थ दिवस पर शांति का अनुभव, पंचम दिवस पर परमात्म शक्ति का अनुभव पर व्याख्यान देगी।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## मेला-मड़ई में पहुंचे ग्रामीणों को सायबर रथ ने किया जागरूक

# किसी भी कीमत पर न बताएं ओटीपी या पिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सायबर अपराधों पर रोकथम के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत बालोद पुलिस का सायबर रथ ग्राम सोहपुर पहुंचा। इस दौरान सायबर एक्सपर्ट ने मेला-मड़ई में आए ग्रामीणजनों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए फ्राड, अज्ञात कॉल से सचेत रहने की जानकारी दी गई।

इसके अलावा सायबर अपराध के नए-नए तरीकों के बारे में भी बताया और सावधानी बरतने की अपील की। थाना गुरूर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कपरमेटा, सोहपुर में सायबर मड़ई रथ द्वारा लोगों को जागरूक करने साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध मे जानकारी दी गई। आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया लोन एप्स साइट, फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो काल कर ब्लैकमेलिंग करने, साइबर बुलिंग, ऑनलाईन फ्राड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं. सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव एवं साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं. 1930 पर कॉल करने या लिंक पर शिकायत करने की जानकारी साझा की गई।

इसके अलावा किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन किये जाने पर निजी जानकारी शेयर नही करने तथा मोबाईल फोन पर लुभावने वाले ऑफर से बचने के तरीके से अवगत कराया गया। सायबर मड़ई रथ में उपस्थित साइबर स्टाफ योगेश कुमार गेडाम द्वारा पाम्पलेट वितरण कर ग्रामीणजनों को साइबर अपराध के प्रति सचेत रहने जानकारी साझा की गई। साथ–साथ पुलिस और समाज के बीच तालमेल बनाये रखने अपील की गई।





आवश्यक सूचना

हरिभूमि पाठकों के लिए

पाठक पुरस्कार योजना-2023

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह 14 से 20 फरवरी तक

दुर्ग। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जिले में 14 से 20 फरवरी तक सामूहिक विवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास द्वारा पूरे विधि-विधान इसका आयोजन किया जाएगा। 25 जनवरी तक इसके लिए पंजीयन किया जाएगा। योजना अंतर्गत प्रति जोड़े पर 50 हजार रूपए खर्च का प्रावधान है। इसमें 21 हजार रूपए नगद, 21 हजार की भेंट सामग्री और शेष आयोजन पर व्यय किया जाएगा। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्र और परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 1 जुनवानी कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। वर के लिए 21 वर्ष तथा वधु के लिए 18 वर्ष की आयु और अविवाहित होना जरूरी है। योजना के लिए राशनकार्डधारी परिवार की बालिकाएं पात्र होंगी। छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाण पत्र अथवा पार्षद द्वारा सत्यापित निवास प्रमाण पत्र होना जरूरी है। एक पालक की दो बालिकाएं ही योजना के लिए पात्र होगी।

### सेवानिवृत्त अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

दुर्ग। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में दुर्ग में पदस्थ पीएचई विभाग के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता एफसी बोरकर को अधिकारियों ने भावभीनी बिदाई दी। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने सेवानिवृत्त श्री बोरकर को अधिकारियों की तरफ से पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट किया। उन्होंने सेवा अवधि के दौरान श्री बोरकर की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। श्री बोरकर ने बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में 41 वर्षों तक सेवा देने के उपरांत वे सेवानिवृत्त हुए है। इस अवधि में समस्त अधिकारियों की सहयोग के लिए उन्होंने सभी का आभार माना।

### विधायक ने छग प्रभारी को दी जन्मदिन की बधाई

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी व छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ओम माथुर को जन्मदिन पर उनके निवास पहुँचकर दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने जन्मदिन की बधाई एवम् शुभकामनाएँ दी।

### सीमांकन की जानकारी वेबसाइट में अपलोड

दुर्ग। जिले के समस्त राजस्व निरीक्षक मण्डलवार प्राप्त लंबित सीमांकन की आगामी तिथि की जानकारी 1 जनवरी 2024 की स्थिति में पक्षकारों को अवगत कराने की दृष्टि से जिले की वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है। संयुक्त कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सीमांकन के संबंध में किसी भी पक्षकार को किसी प्रकार भी प्रकार की आपत्ति हो तो सीमांकन स्थल पर अथवा संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। आकस्मिकध्विशेष परिस्थिति में सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

### सावित्री बाई फुले को श्रद्धांजली अर्पित

दुर्ग। राज्य सभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय ने भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर उन्हें याद कर नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा वे आधुनिक नारीवादी और समाज सुधारक थी। 1831 में जन्मी सावित्रीबाई फुले को देश में महिलाओं की शिक्षा को सुविधाजनक बनाने, विभिन्न लिंग और जाति के लोगों के भेदभाव को खत्म करने जैसे अनेक कार्यों के लिए जाना जाता है।

### महोत्सव में भजनों एवं गीतों की प्रस्तुति

दुर्ग। शिवनाथ महोत्सव के चौथे वर्ष में छत्तीसगढ़ मंच के गायक कलाकारों ने शिव भजन एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं दिनेश जैन ने बताया कि, शिवनाथ महोत्सव में शिव भजन एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति को शहरवासियों एवम संगीत प्रेमियों ने काफी सराहा। सभी गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन एवं गीतों के माध्यम से लोगों से खूब वाहवाही बटोरी। मंच के संरक्षक तुलसी सोनी ने कार्यक्रम का बेहतरीन एवं सफल संचालन किया।

**आयोजन : बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में हुआ कार्यक्रम**

# केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा देश का सबसे बड़ा अभियान है। श्री जैन मंगलवार 02 जनवरी को जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। जैन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष राकेश यादव एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। श्री जैन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आजाद भारत में यह सबसे बड़ा अभियान है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व में अग्रणी बनने तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश का पूरे विश्व में सम्मान बढ़ा है। नगर पालिका के अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि यहां शिविर में पहुंचे लोगों को योजनाओं की जानकारी देने व्यवस्था की गई है। स्वच्छ भारत अभियान में बालोद नगर पालिका को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से पुरस्कृत किया जा चुका है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि भारत को विकसित बनाने की कल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। उस मार्ग पर वे चल पड़े हैं हम सब उनके साथ है। घर पर शौचालय, हर घर नल से जल पहुंचाकर वे गरीबों की सेवा कर रहे हैं। उनके द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।



**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लीला लाले शर्मा, पार्षद कमलेश सोनी, योगराज भारती, रिच्छेद मोहन कलिहारी, अमित चोपड़ा, सुरेश निर्मलकर, बिरजू ठाकुर, प्रतिभा चौधरी, संतोष कौशिक, दीपक देवांगन, राकेश बाफना, पंकज आहुजा, रवि पांडे, रमेश मालेकर, गिरिजेश गुप्ता, राजू पटेल, शाहिद खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यशवंत जैन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्र में उपस्थित लोगों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने के लिए शपथ भी दिलाई गई।



**लोगों को मिला योजनाओं का लाभः** इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में विभिन्न विभागों के द्वारा 15 स्टॉल लगाए गए थे। यहां 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान पूर्णता प्रमाण पत्र, एक हितग्राही को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत चेक तथा 11 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हेमीन बाई ,फरीबा बेगम, प्रेमबाई साहू, संतोष साहू, पुराणिक यादव को मकान पूर्णता प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत दिलीप कुमार भुआर्य डेंगरापार को चेक वितरण किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रिया यादव, तुलेश्वरी साहू, प्रार्थना, थानेश्वरी साहू, अमृत बाई, शारदा यादव, रोशनी यादव, कौशिल्या ढीमर, शिव कुमारी नेताम, मीना बाई एवं बरखा को गैस कनेक्शन वितरण किया गया।

## शिविर में हितग्राहियों को मिला शासन की योजनाओं का लाभ

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में वृहद शिविर का आयोजन कर बालोद शहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णकांत पवार थे, अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि लोकेश श्रीवास्तव ने की।पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लीला लाले शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा समावेशी विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। इसका उद्धेश्य समाज में समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों तक खाद्य, सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ पेयजल पहुंचाने और क्वालिटी एजूकेशन को लेकर जागरूकता बढ़ाने के साथ सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में नगर पालिका द्वारा भारत सरकार के दिशा–निर्देश के तहत क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें भारत सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं की पात्रता एवं अन्य संबंध में उपस्थित जनों द्वारा भाग लिया गया और स्थल पर ही प्रश्नों का सही जवाब देकर आकर्षक पुरूस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा



''धरती कहे पुकार के'' तहत एकल डांस एवं समूह डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी तीन वर्गों में शाला स्तर पर हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी के छात्र–छात्राओ के लिए, महाविद्यालय एवं आईटीआई के लिए तथा ओपन समूह पर यह प्रतियोगिता संपन्न की गई। सीएमओ सुनील अग्रहरि ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध एवं कार्यक्रम आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मंच संचालन जितेंद्र सोनी एवं निहारिका चौधरी एवं आभार प्रदर्शन सहायक अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी ने किया।

### हुई विविध प्रतियोगिताएं, विजेताओं को मिला पुरस्कार

कार्यक्रम के अतिथियों नेएकल नृत्य में प्रथम स्थान ओपन स्कूल, पुष्टी यादव द्वितीय स्थान मधु आरदे कन्या स्कूल बालोद, तृतीय स्थान अनुष्का बालमंदिर स्कूल बालोद, समूह नृत्य में सोनाली उनकी टीम कन्या स्कूल बालोद ने प्रथम स्थान, रितू उनकी टीम बालमंदिर स्कूल बालोद, द्वितीय स्थान, माहेश्वरी उनकी टीम श्योरससेक्स आईटीआई बालोद तथा नाटक में प्रथम स्थान अनिता आईटीआई बालोद द्वितीय स्थान तृप्ती यादव श्योरससेक्स आईटीआई बालोद तृतीय स्थान कृतिका आत्मानंद स्कूल बालोद, प्रथम पुरस्कार 02 हजार रूपये द्वितीय पुरस्कार 01 हजार रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 500 रूपये तथा सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इन प्रतिभागियो का चयन निर्णायक मण्डल सर्वश्री रामप्रसाद यादव सेवानिवृत्ति मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अमृत लाल सोनी सेवानिवृत्ति नगर पालिका कर्मचारी, विजय कुमार ठाकुर सेवानिवृत्ति नगर पालिका कर्मचारी द्वारा किया गया।

### आज जिले के विभिन्न स्थानों पर पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

■ शिविर का आयोजन कर शासन की योजनाओं का दिलाया जाएगा लाभ

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत गुरूवार 04 जनवरी 2024 को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भुरकाभाट में सुबह 10 बजे एवं हडगहन में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भरदाकला में 10 बजे, देवगहन में 02 बजे एवं ग्राम परसाही में दोपहर 03 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के घोघोपुरी, बोरतरा और बासीन में 10 बजे, ग्राम धनेली, भूलनडबरी और भोथली में दोपहर 12.30 बजे एवं ग्राम तारएँ, बोडरा और डानडेसरा में दोपहर 03 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम धोबनी ब में 10 बजे एवं सिंगनवाही में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। शिविर में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

## गुरु के संदेशों को अपनाकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को करें खत्म




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

गुरु घासीदास बाबा की 267वीं जयंती समारोह विभिन्न ग्रामों में 18 से 31 दिसंबर तक गुरु पर्व के रुप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इसमें जिला सतनामी समाज के पदाधिकारी अशवन बारले, पवनजोशी, सोना देवी देशलहरा, लक्ष्मीनारायण बघेल, निर्मलबघेल, संतराम बंजारे, निर्मला बंजारे, गोवर्धन बारले, सुग्रीता बारले, धनेश बघेल, नीलकंठ टंडन, चन्द्र कुमार देशलहरे, जीवनबंदे, रवि टंडन, कृष्णा बंजारे, धनी राम बारले, पुरूषोत्तम बारले, दान बाई बंजारे, मान सिंह देशलहरा, संजय जोशी प्रमुख रुप से अतिथि बतौर शामिल हुए। तहसील पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न गावों में जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। 17 दिसंबर सतनाम शोभायात्रा बालोद में निकाली गई। इसी तरह क्रमशः

■ गुरुघासीदास की जयंती पर्व पर हुए विविध कार्यक्रम

डून्डेरा, ईरागुड़ा, गुण्डरदेही, परसदा, सांकरी, बरपारा टेगना, मचौद, अर्जुन्दा, खेरूद, कोड़ेवा, रंगकठेरा, सिकोसा, सांकरा–ज, पांगरी, तहसील स्तरीय बड़गांव डौ.लोहारा, कंवर, दुबचेरा, गोड़मर्रा, पापरा, तहसील स्तरीय गुण्डरदेही में जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में जयंती कार्यक्रम संपन्न हुआ। जयंती कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय बारले द्वारा गुरु की संदेशों को, जिसमें सत्य के मार्ग पर चलकर मानव समाज को नशा मुक्ति समाज मूर्ति पूजा, बलि प्रथा, अहिंसा के साथ जीवन व्यतीत करते हुए मनखे, मनखे एक समान के मत को मानकर छुआछूत की भावना से दूर रहने पर बल दिया।

गुरु के सात संदेश एवं 42 अमर वाणियों को अपनाकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। वहीं मृत्यु होने पर कफन के जगह नगद राशि का सहयोग करने, मृत्यु भोज को पूर्णता बंद करने पर बल दिया। इसके साथ ही विधवा पुर्नविवाह, आदर्श विवाह, समाज में दहेज देना बंद करने, शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया।

### चैम्प्स प्रणाली का संचालन पूर्व की भांति करने की मांग

**दुर्ग।** जिला भाजपा किसान मोर्चा विनायक ताम्रकार की अगुवाई में विगत दिनों किसानों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होने गुजरात ग्रीन रिवोल्यूशन कम्पनी के सहयोग से गुजरात पैटर्न सूचना प्रौद्यौगिकी आधारित छत्तीसगढ़ एग्रीकल्वर-मेकेनाइजेशन एण्ड माइक्रो ईरीगेशन प्रोसेस सिस्टम तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा प्रारंभ किया गया था। जिसके माध्यम से छ.ग. के कृषकों को अनुदान पर शक्ति चलित कृषि यंत्रों, सिंचाई पंपों एवं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप / स्प्रिंकलर) उपलब्ध कराया जाता रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के पत्रक F-84880, 14 दिसंबर 2022 के माध्यम से गुजरात में लागू व्यवस्था देश के अन्य राज्यों में भी लागू किए जाना उल्लेखित है। छ.ग. में संचालित चैम्प्स प्रणाली भी गुजरात पैटर्न पर आधारित है एवं इसका रख-रखाव / संधारण भी गुजरात द्वारा ही किया जा रहा है। परंतु वर्तमान में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गुजरात आधारित इस व्यवस्था को 31.12.2023 को समाप्त करते हुए नई व्यवस्था चैम्प्स-2 लागू किए जाने के निर्देश प्रसारित किए जा चुके है। जिसे निरस्त करने कहा है।

## पार्श्व प्रभु जन्म दीक्षा कल्याणक महोत्सव 5 से 7 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

तपोभूमि श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में श्री पार्श्व प्रभु जन्म-दीक्षा कल्याणक महोत्सव (पोष दशमी मेला) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ का

■ पार्श्वतीर्थ नगपुरा में की जा रही तैयारी

जन्म वाराणसी नगरी में पोष बदी दशमी तिथि को एवं दीक्षा पोषबद ग्यारह तिथि को हुआ था, इस तिथि को श्री पार्श्वनाथ का जन्म-दीक्षा कल्याणक महोत्सव अट्ठम तप (त्रिदिवसीय उपवास) आराधना किया जाता है। इस अवसर पर श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ में अट्ठम तप आराधना हेतु देशभर के श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। यह उत्सव 5 से 7 जनवरी तक मनाया जाएगा जिसकी तैयारी प्रारम्भ है। महोत्सव में पूज्य आचार्य सुयश सूरीश्वर, मनोहर शिशु, साध्वी सुभद्रा, नवकार जपेश्वरी साध्वी शुभंकरा तथा आचार्य सिद्धि सूरी की समुदायवर्ती विदूषी साध्वी दक्षगुणा



आदि गुरूभगवंतों की सान्निध्यता होगी।

महोत्सव के प्रथम दिन 5 जनवरी को पीपरछेड़ी घाट शिवनाथ नदी तट पर ट्रस्टी मूलचंद जैन दुर्ग के नेतृत्व में भव्य स्नात्र महोत्सव, तत्पश्चात प्रज्ञापीठ रसमड़ा गोवर्धन साहू के नेतृत्व में 108 नदियों की जल का कलश यात्रा प्रारम्भ होगा। इसी पवित्र जल से तीनों दिवस पूजा, महाभिषेक सम्पन्न होगा। इस दिन दोपहर 12 बजे श्रीचंद, पारसचंद चोपड़ा, ट्रस्टी विजय चोपड़ा परिवार रायपुर द्वारा अट्ठारह अभिषेक महापूजन की संरचना होगी।

द्वितीय दिवस 6 जनवरी को जन्म कल्याणक मनाया जावेगा। इस दिन प्रातः मेरूपर्वत पर जन्माभिषेक, पूज्यवरों का प्रवचन चौदह सपनों का अवतरण का कार्यक्रम है। दोपहर श्राविका उगमदेवी मांगीलाल पगारिया, दुर्गादेवी पगारिया, तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया रायपुर द्वारा भव्य श्री 108 पार्श्वनाथ महापूजन सम्पन्न होगा। रात्रि 8 बजे से विशाल भक्ति संध्या होगी, रात्रि में महाराजा कुमारपाल के साथ स्वद्रव्य से भव्य जन्मकल्याणक महाआरती होगी।

महोत्सव के तृतीय दिवस 7 जनवरी को तिलोकचंद गोलछा, ट्रस्टी राजेन्द्र गोलछा राजनांदगांव के नेतृत्व में प्रातः दीक्षा कल्याणक वरघोड़ा और दोपहर में अमरस्वरूप मेहता परिवार ट्रस्टी मनीष मेहता नागपुर के संयोजन में श्री सिद्धचक्र महापूजन का अनुष्ठान होगा।

**कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में की योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशानिर्देश**

# पूरी ऊर्जा, उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ करें दायित्वों का निर्वहन : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को वर्ष 2024 में बालोद जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु पूरे ऊर्जा, उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। जिससे की बालोद जिले को निर्धारित समयावधि में शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन में अग्रणी स्थान हासिल हो सके। इसके साथ ही शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ समाज के



अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। इस दौरान उन्होंने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 एवं शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

बैठक में शर्मा ने केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्र के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले में अब तक आयोजित शिविरों में 'धरती कहे पुकार', 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' आदि के कुल प्रस्तुति के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने शिविर में आयोजित स्वास्थ्य कैंपों में लाभान्वित होने वाले कुल लोगों की संख्या के संबंध में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी ली।

उन्होंने स्वास्थ्य शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराने तथा स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित मात्रा में दवाई आदि का वितरण कराने के भी निर्देश दिए। शर्मा ने ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में अब तक कुल आयुष्मान कार्ड का वितरण तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत कराए गए हितग्राहियों के कुल पंजीयन की भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कराए हितग्राहियों के कुल नवीन पंजीयन आदि की भी समीक्षा की। शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्र के शिविरों में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को वितरित किए गए कुल रसोई गैस का वितरण आदि के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के नगरीय क्षेत्रों में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्र के आयोजन की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकायों में बेहतर शिविर का आयोजन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

### किसानों को न हो परेशानी

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को किसी भी स्थिति में टोकन कटाने के लिए परेशानियों का सामना ना करना पड़े। शर्मा ने जिले में खनिज पदार्थों के अवैध भंडारण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खनिज अधिकारी को खनिज पदार्थों के अवैध भंडारण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### परीक्षा की तैयारियां सुनिश्चित करें

बैठक में कलेक्टर ने जिले में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के बोर्ड परीक्षा के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। शर्मा ने जिले में 'हर घर नल' योजना कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन के कार्य, राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति आदि की भी समीक्षा की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य की समीक्षा करते हुए जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में समुचित मात्र में बारदाना आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों द्वारा अपने धान की बिक्री हेतु कटाए जा रहे टोकन के संबंध में भी जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से राजपत्रित अधिकारी संघ ने की भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मंगलवार को राजभवन में छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ और विभागाध्यक्ष शासकीय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर संघ द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर प्रदान किया और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारी हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों से राज्यपाल को अवगत कराया। राज्यपाल ने भी नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा, अविनाश तिवारी, संतोष वर्मा, जय साहू, अभिषेक शर्मा उपस्थित थे।

### कैट ने चलाया हर शहर अयोध्या, घर -घर अयोध्या अभियान

**रायपुर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स 1 जनवरी से 22 जनवरी तक देश के सभी राज्यों में हर शहर अयोध्या, घर-घर अयोध्या अभियान चला रहा है। इसमें 4 जनवरी को राजधानी के चैंबर कार्यालय स्थित सभाभवन में विभिन्न व्यापारी संगठनों की बैठक बुलाई गई है। इसे राम संवाद का नाम दिया जाएगा। इसके साथ अयोध्या में राममंदिर का 200 मोनो बनाने दिल्ली में आर्डर कर दिया गया है। कैट के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के संबंध में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन ने संयुक्त रूप से बताया, कैट के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें कैट हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या विषय पर अभियान चलाए जाने पर प्रमुखता से चर्चा हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के मंदिर के शुभारंभ को देशभर में एक अविस्मरणीय दिन बनाने देशभर में दीपावली बनाई जाएगी।

पेज 9 का शेष

### बैंक से राशि देने म....

बहाने बनाते हुए कह दिया जाता है कि बैंक में बहुत काम है या सर्वर डाउन है या कर्मचारी नहीं है जैसी बाते कह दी जाती हैं। उन्हें सीधे बाहर के ग्राहक सेवा केन्द्र में जाकर पैसा निकालने को कहा जाता है। वहीं, कई किसानों ने बैंक व ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाया।

## भक्ति : अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश की निकाली गई शोभायात्रा

# जय श्री राम के नारों से गूंजी बेलमांड की गलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

महर्षि मुक्त अवधूत लीला स्थली के नाम से विख्यात जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बेलमांड में भगवान श्रीराम जी के जन्म भूमि अयोध्या धाम से पूजित पवित्र अक्षत कलश खण्ड से प्राप्त कर आन्जनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में स्थापित किया गया था। उसे 2 जनवरी को खण्ड के सभी आश्रय ग्राम नेवारी खुर्द, पडकीभाट, उमरादाह, पारागांव, चरोटा, बोड़की, भेड़िया नवागांव, अंगारी, मटिया, चिचबोड़ से ग्राम संयोजक गणों को आमंत्रित कर परम-पूज्य अक्षत कलश को सम्मान पूर्वक शिरोधार्य करवाकर सभी ग्रामों को प्रस्थान कराया गया।

इस अवसर पर बेलमांड की महिलाओं द्वारा पारंपरिक परिधान में सुसज्जित कलश को सिरोधार्य कर गांव में गगनभेदी नारे लगाते हुए, जयकारे लगाते हुए शोभा यात्रा निकाली गई। गांव के प्रमुख देवस्थलों में भी अक्षत कलश हमेशा पूजन के लिए स्थापित किया गया। साथ ही प्रत्येक देवस्थलों में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने निमंत्रण स्वरूप श्रीफल, पुष्प, अक्षत अर्पित किया गया। आश्रय ग्रामों से आए कुलेश्वर पटेल पारागांव, संतोषी निषाद चरोटा, तारामति साहू चिचबोड़, वेद प्रकाश साहू मटिया, सरपंच राकेश यादव उमरादाह, ग्राम पटेल हेमन्त सिन्हा अंगारी, झरेगा साहु भेड़िया नवागांव, कुशल एवं कुलेश्वर निषाद पड़कीभाट, पहाड़ सिंह साहु नेवारी खुर्द, रतन बोरकर बोड़की आदि ग्राम संयोजकों ने अक्षत कलश शिरोधार्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच मधु यादव, उपसरपंच संतोष साहू सहित ग्राम पंचायत के सभी पंचगण, ग्राम पटेल रमेश रावटे, मंडल संयोजक दीनदयाल साहू, खण्ड संयोजक वेदप्रकाश साहु मटिया, योगेश्वर यादव खंडकार्यवाह, पुरूषोत्तम सिंह राजपूत सामाजिक सद्भाव जिला प्रमुख, सहित आन्जनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति के प्रमोद साहु, नेमीसाहु, खोमिन साहु, केतकी साहु, दुलेश विश्वकर्मा, मानस मंडलियों गुरु कृपा बाल संस्कार मानस परिवार महर्षि मुक्त मानस मंडली, मां शीतला महिला मानस मंडली, जिज्ञासा मानस मंडली सहित हरि शंकर साहु, प्रकाश साहु, आनंद साहु, देवेन्द्र सोनबोईर, परमानंद सोनबोईर, नरेंद्र साहु, द्वारिका प्रसाद लेण्डिया सहित समाज प्रमुखों और सभी ग्रामवासियों की सक्रिय भूमिका रही। उक्ताशय की जानकारी सामाजिक सद्भाव जिला प्रमुख प्रखर सनातन धर्म प्रवक्ता पुरूषोत्तम सिंह राजपूत ने दी।




**जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उतारी आरती**

गांव में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर आरती उतारी गई एवं भावपूर्वक घर घर भगवान राम और पवित्र पूजित अक्षत कलश की पूजा-अर्चना कर श्रीफल पुष्प सहित भावसुमन अर्पित कर लोगों ने प्रभु राम पर आस्था प्रकट किया। पूरा ग्राम मानो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की भक्ति में सराबोर हो गया। ऐसा लगने लगा मानो आज ही अयोध्या में नहीं बल्कि बेलमांड में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।

## नेवारीकला में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु



**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में मंगलवार से श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन ठाकुरदेव स्थल अमलीचौक में किया जा रहा है। कथावाचक पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक लोगों को कथा सुना रहे हैं। इस संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस श्रृद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और कथा सुने। वृंदावन से आये दीपककृष्ण महाराज ने बताया कि भागवत कथा सुनने से मृत्यु का भय दूर होता है। आयोजन के दूसरे दिन भागवत महिमा, गौकर्ण कथा हुआ। बुधवार को परीक्षित जन्म कथा सुनाया गया। 4 जनवरी को सती दक्ष, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र की कथा होगी। 5 को वामन चरित्र, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 6 को श्री कृष्ण बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा की कथा होगी। 7 को महारास लीला, गोपी उद्धव संवाद, श्री रूखमणी विवाह, श्री भगवत, भगवान की गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। 8 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम होगा। 9 को गीता पाठ हवन-पूजन, महाप्रसादी का वितरण होगा। आयोजक रामखिलावन साहू व ग्रामीण है।



# गुरू घासीदास ने दिया भाईचारा व समरसता का संदेश

## गुंडरदेही में आयोजित जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक कुंवर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही द्वारा रविवार को सतनाम भवन प्रांगण गुण्डरदेही में बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा पूरे नगर में शोभायात्रा निकाली गई। गुरु गद्दी व जैतखाम की पूजा अर्चना के पश्चात पंथी नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक कुंवर सिंह निषाद ने गुरु गद्दी व जैतखाम की पूजा अर्चना कर समाज के समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर 1756 को गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में ऊंच–नीच, छुआछूत, झूठ और कपट का बोलबाला था। उनका जन्म रायपुर जिले में गिरौदपुरी में हुआ पिता मंहगू दास तथा माता अमरौतिन के घर अवतरित हुए गुरु घासीदास ने समाज को साधगी जीवन जीने की प्रेरणा दी। उनकी सत्य के प्रति अटूट आस्था थी। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास ने जहां समाज में एकता बढाने का कार्य किया वहीं भाईचारे और समरसता का संदेश भी दिया।




उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की बल्कि समाज में नई जागृति पैदा करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य सोनादेवी देशलहरा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की जयंती से हमें पूजा करने की प्रेरणा मिलती है और पूजा से सद्विचार तथा एकाग्रता बढ़ती है। इससे समाज में सद्कार्य करने की प्रेरणा मिलती हे। बाबा के बताए मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति ही अपने जीवन में अपना तथा अपने परिवार की उन्नति कर सकता है। कार्यक्रम को जिला सतनामी समाज के अध्यक्ष संजय बारले, तहसील अध्यक्ष नीलकंठ टंडन ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मानसिंग देशलहरा, संतराम बंजारे, निर्मला बंजारे, कुलेश्वरी महिपाल, सेवक महिपाल अश्वन बारले, विजय बघेल, पवन जोशी, संदीप जोशी, अश्वन बारले, संतराम बंजारे, लक्ष्मी नारायण बघेल, शशि बंजारे, जीवन बांधे, छबि लाल, केएल गेंड्रे, हुबलाल देशलहरा, प्रभु टंडन, महेंद्र रात्रे, बिंदिया बघेल व समस्त तहसील सतनामी समाज के पदाधिकारी व बड़ी संख्या मे सामाजिक लोग उपस्थित थे। मंच संचालन प्रभुराम टंडन ने किया व आभार प्रदर्शन कन्हैया लाल गेंड्रे ने किया।

# विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में नेहा, आयुष और लाकेश्वरी की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

स्व. पुकेश्वर सिंह भारतीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में विज्ञान क्लब के द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष अन्नपूर्णा यादव असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति शास्त्र ने बताया कि छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर उनमें सृजनात्मक एवं रचनात्मक कौशल के विकास हेतु मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

- स्व. पुकेश्वर सिंह भारतीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में विज्ञान क्लब ने किया आयोजन

इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने भौतिक एवं जीव विज्ञान संबंधित कबाड़ से जुगाड़ आधारित कुल 29 मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। प्राचार्य डॉक्टर डीके बैलेंद्र ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए विज्ञान क्लब के आयोजन की प्रशंसा की। प्रदर्शनी के निर्णायक डॉ. ओ.पी.चंद्रा असिस्टेंट प्रोफेसर प्राणी शास्त्र एवं ओम प्रकाश अतिथि व्याख्याता थे। प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा गुप्ता ,आयुष शर्मा, लाकेश्वरी बीएससी अंतिम वर्ष, द्वितीय स्थान दुर्गेश साहू,ओमेश्वरी देशमुख बीएससी द्वितीय वर्ष,एवम तृतीय स्थान ओमेश्वरी एवं रूपाली बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। डॉ. सीमा जायसवाल ,पूजा सोढा ,अंजू रानी ठाकुर, वेद प्रकाश ठाकुर, डॉ. शिप्पी देवांगन जीवंतिका ठाकुर, कामता प्रसाद बंजारे, गोपाल पाली की उपस्थिति रही एवं विद्यार्थियों के पालक , स्कूली छात्र छात्राओ,ग्रामीण जनों ने भी प्रदर्शनी का लाभ उठाया।








# सतमरा में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सतमरा में शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलौदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 29 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित किया गया है। इस दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के प्रमुख चौराहों पर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्ति मतदान करने इत्यादि के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया। शिविर में सरपंच योगिता साहू, उप सरपंच भोजराम साहू, महाविद्यालय के प्राचार्य सीएल ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि मोतीलाल साहू, कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप देवांगन, सहायक राहुल उपाध्याय एवं महिला सहायिका चंद्रिका साहू उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं समक्ष अधिकारी गुण्डरदेही दुर्ग बालोद छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202401241400001
अ-2 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजुलाल आ. बिहारी लाल निवासी ग्राम चन्दखुरी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खुरसुनी तहसील गुण्डरदेही स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1585/1 रकबा 0.56 हेक्टे. कुल रकबा 0.56 हे. भूमि को गैर कृषि प्रयोजन औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह उक्त तारीख 04-01-2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 01-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं समक्ष अधिकारी गुण्डरदेही दुर्ग बालोद छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202401241400002
अ-2 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंचराम साहू आ. बिहारी लाल निवासी ग्राम चन्दखुरी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खुरसुनी तहसील गुण्डरदेही स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1585/2 रकबा 0.56 हेक्टे. कुल रकबा 0.56 हे. भूमि को गैर कृषि प्रयोजन औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तारीख 04-01-2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 01-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, डौण्डी जिला-बालोद (छ.ग.)**

**-: उद्घोषणा :-**

रा.प्र.क्र. .....अ-20 (3) वर्ष 2023-24
ग्राम- डौण्डी, प.ह.नं. 24. तहसील डौण्डी
क्रमांक / / प्र./ तह. / 2023
डौण्डी , दिनांक 13.12.2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लेखराम साहू अध्यक्ष, नगर साहू समाज डौण्डी तहसील डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा प्रस्तुत तहसील डौण्डी अंतर्गत ग्राम डौण्डी प.ह.नं. 24 स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1043 के भाग रकबा 0.02 हे भूमि पर नगर साहू समाज का सामुदायिक भवन निर्माण किये जाने हेतु भूमि आंबटित किये जाने बाबत आवेदन पत्र के साथ चिन्हांकित नक्शा एवं खसरा की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त वाद भूमि के आंबटन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति करना हो तो वह अपना लिखित दावा / आपत्ति दिनांक 11.01.2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ प्रकाशन किया गया।

मुहर

तहसीलदार
डौण्डी

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### जयंती पर सावित्री बाई फुले को किया नमन

**डौंडीलोहारा।** नगर के अंबेडकर स्मारक स्थल के पास सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती मनाई गई। अंबेडकर स्मारक समिति डौंडी लोहारा के अध्यक्ष पुनेश्वर देवांगन के तत्वावधान में नगर के गणमान्य नागरिक एवं स्कूली बच्चों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर धनईया बाई पटेल, नेतराम तारम सरपंच ग्राम पंचायत सिवनी, डॉ. एसके विश्वास, लालजी मंडावी, तेजराम सिन्हा, मनहरण मंडावी, अवध राम साहू, कचरू राम, फगनू राम सिन्हा सहित नगरवासी उपस्थित थे।

### रनचिरई में लगा एनएसएस शिविर




**बालोद।** गुण्डरदेही ब्लॉक के रनचिराई ग्राम में राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर भरर के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय डोमेश्वर साहू महाविद्यालय के प्राचार्य नीता कुंभारे एवं विधायक प्रतिनिधि प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आबिद हसन खान, शर्मा, मनोज कुमार यादव, रजनीकांत तिवारी एवं शासकीय सोमेश्वर शाहू महाविद्यालय के समस्त अध्यापक प्राध्यापक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि नीता कुंभारे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्रति दिन की क्रियाकलापों का साझा किया एवं एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। एनएसएस के प्रभारी चेतना सोनी ने बताया कि शिविर में 52 विद्यार्थियों की उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम रनचिराई के नागरिक उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का आनंद लिया और कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिए।

### पुराने साथियों से मिले भूतपूर्व छात्र, साझा की स्मृतियां



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा से पढ़कर निकले भूतपूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह एलुमिनी मीट 2023-2024 मिलाप का आयोजन किया गया। भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए वर्षों बाद मेल–मिलाप के लिए एक आदर्श मंच मिलने पर वे प्रसन्न दिखाई दिए। कार्यक्रम के लिए 100 से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थी महाविद्यालय पहुंचे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष राजन दुबे, संयुक्त संचालक डॉ. रजनी राय, प्राचार्य डॉ. केएन मिश्रा सहित अनेक सहा. प्राध्यापक गोविंद भवन में उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने बारी–बारी से अपने-अपने अनुभव और स्मृतियों को साझा किया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी सहित अनेक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के समापन सत्र के दौरान अध्यक्ष ने पूर्व छात्र संगठन का गठन किया। इसके संयोजक जीतेश मिश्रा को बनाया गया, वहीं अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर, सचिव कुलदीप साहू, सहसचिव लोकेश्वर देवांगन, कोषाध्यक्ष पूजा चन्द्राकर, कार्यकारी सदस्य रुपेन्द्र वर्मा, मनीषा साहू, रेणुका कुमारी साहू, डुमेश कुमार साहू, मीनाक्षी चन्द्राकर,गोविन्द देशमुख बनाए गए हैं।

**योजना :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के सभी विकासखंडों में लगाए जा रहे हैं शिविर

# जिले के 1282 हितग्राहियों को शिविर में मिला आयुष्मान कार्ड, सैकड़ों से लिए गए आवेदन








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1282 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 60 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 26 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 119 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 166 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने के लिए 31 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

शिविर में बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 147 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 23 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 13 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 02 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 08 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। वहीं, ग्राम मटिया बी में आयोजित शिविर में 76 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 17 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 06 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 20 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम केवट नवागांव में 118 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 5 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 01 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 05 किसानों का आवेदन लिया गया।

2 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। ग्राम बैहाकुआं में 64 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 5 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 06 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 05 किसानों का आवेदन लिया गया। 13 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 17 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 20 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

#### डौंडी विकासखंड के हितग्राहियों को मिला लाभ

डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम नर्रालगुड़ा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 17 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 04 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 02 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। वहीं, ग्राम कुवागोंदी में 227 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 07 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। केसीसी ऋण के लिए 2 किसानों का आवेदन लिया गया। 7 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 25 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 26 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

#### कंवर में 227 आयुष्मान कार्ड वितरित

इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कंवर में 227 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 07 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। केसीसी ऋण के लिए 3 किसानों का आवेदन लिया गया। 7 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। वहीं, देवकोट में 87 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 3 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने के लिए 1 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 7 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया।

#### ग्राम खलारी में 54 आयुष्मान कार्ड वितरित

गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खलारी में 54 आयुष्मान कार्ड वितरण कर 14 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने के लिए 5 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 05 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 40 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 45 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। वहीं, ग्राम खुटेरी रंग में 30 आयुष्मान कार्ड वितरण कर 18 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। 11 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण कर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 5 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 01 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

## वन मंत्री से की सौजन्य मुलाकात



**डौंडीलोहारा।** विगत दिनों छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष मूलचंद शर्मा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश मिश्रा ने नवनियुक्त वन मंत्री केदार कश्यप से उनके निज निवास रायपुर में सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरा वन कर्मचारियों के लंबित मांगों के संबंध में चर्चा की साथ ही साथ तेंदूपत्ता में 180 पदों की भर्ती पर रोक लगाने हेतु विरोध किया गया। इस पर मंत्री श्री कश्यप ने परीक्षण करा कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## 17 वर्ष बाद भी छत्तीसगढ़ी को पूर्ण राजभाषा का दर्जा नहीं

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ी को पूर्ण राजभाषा का दर्जा दिलाने के लिए एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी छात्र संगठन ने शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की है। संगठन के महामंत्री विनय बघेल ने बताया कि शिक्षा मंत्री से मांग किया गया कि 2007 में जो राजभाषा का दर्जा छत्तीसगढ़ी को प्रदान किया गया था वो 17 वर्ष हो जाने के बाद भी पूर्ण राजभाषा नही बन पाई है, उसे पूर्ण राजभाषा बनाया जाए। 2013 में उनके ही सरकार के प्रयास से पं. रविशंकर विश्वविद्यालय में एमए छत्तीसगढ़ी प्रारंभ किया गया था, ताकि छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति शिक्षा जगत में स्थापित हो। पर 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी लगभग 700 छात्र पास आउट होकर निकल चुके है, अभी तक इन डिग्रीधारियों के लिए किसी भी प्रकार की रोजगार की व्यवस्था नही हो पाई है। इस ओर भी शिक्षा मंत्री का ध्यानाकर्षण कराया गया। शिक्षा मंत्री ने संगठन की मांगों को सुना तथा इस पर व्यवस्था करने की बात कही। दौरान संगठन के ऋतुराज साहू, हितेश तिवारी, संजीव साहू, जिनेंद्र यादव, खेमराज साहू आदि उपस्थित थे।

■ छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी छात्र संगठन ने की शिक्षा मंत्री से मुलाकात



## युक्ति को बीमारी से मिली मुक्ति, संजीवनी साबित हुई आयुष्मान भारत योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना आज गंभीर बीमारियों से जूझ रहे अनेक जरूरतमंदों की स्वास्थ्य रक्षा कर उनके लिए संजीवनी साबित हो रही है। पूरे देश एवं राज्य की भाँति बालोद जिले में इस योजना के सफल क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में जिला मुख्यालय बालोद के शिकारी पारा की नन्हीं बालिका युक्ति के लिए यह योजना ने सभी मायने में जीवन दायिनी साबित होकर उन्हें नवजीवन प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि युक्ति गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थी। उनके परिजनों को भारत सरकार के आयुष्मान योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क ईलाज की जानकारी मिली। इस पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने पर युक्ति की ईलाज की प्रक्रिया प्रारंभ कराई। उसका ईलाज अन्य जिले के निजी अस्पताल में हुआ, जिसमें आयुष्मान कार्ड से 50 हजार रूपये खर्च आया, उन्हें अपना पैसा नहीं देना पड़ा।

■ योजना के तहत बनाए गए आयुष्मान कार्ड से हुआ नि :शुल्क इलाज

#### गायत्री ने सुनाई अपनी कहानी, अपनी जुबानी

ईलाज के बाद नन्ही युक्ति अब पूरी तरह स्वस्थ है, उसके चेहरे पर अब मुस्कान है। नन्हीं बालिका युक्ति के समुचित ईलाज कराने की उनके परिजनों की ईच्छा फलीभूत हो गई है। गायत्री ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुँचकर अपनी यह कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें ईलाज की यह सुविधा प्रदान की वह काफी अच्छी है। यह आयुष्मान कार्ड हमारे लिए अमृत कार्ड जैसा है, जिसके आशीर्वाद से उनकी नन्ही बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया है।

## करहीभदर के बच्चों को मिला येलो बैल्ट




**बालोद।** शबरी स्पोर्ट्स क्लब करहीभदर के चाइकोण्डो के बच्चों ने बैल्ट परीक्षा में येलो बैल्ट प्राप्त किया। इनमें कन्नेवाड़ा इग्लिश मिडियम के बच्चे धनश्री भास्कर, आदित्य भास्कर, शिशु मंदिर करहीभदर से नागेश साहू, देविका ने पहले प्रयास में सफलता प्राप्त की। ये बच्चे प्रतिदिन शबरी स्पोर्ट्स क्लब के कोच अंजली धनकार के सानिध्य में अभ्यास करते हैं। इन बच्चों को सरपंच करहीभदर लीला राम डड़सेना, प्राचार्य विनोदनी यादव, योगी, श्रतु, खोमेश, शिशु मंदिर हथौद प्राचार्य पवन साहू, दीपक तारम, रुपेन्द्र सिन्हा, खुनेश्वर गजेन्द्र, अध्यक्ष हांकी संघ बालोद तोमन साहू, शबरी स्पोर्ट्स क्लब संचालक तोरण लाल, लीलाधर साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## दो दिन बाद सड़कों पर दिखे गिने-चुने वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो दिन तक बड़े वाहनों के पहिये थमे रहने के बाद तीसरे दिन बुधवार को सड़कों पर गिने चुने वाहन चलते हुए नजर आए, इनमें यात्रियों से भरी बसें भी शामिल हैं।

भारी भरकम मालवाहक वाहनों के ड्राइवरों सहित यात्री बस के चालक भी केंद्र सरकार द्वारा चालकों के लिए बनाए गए नए कानून के विरोध में वाहन चलाना बंद कर दिए थे, जिसके कारण सबसे ज्यादा समस्या यात्री बस में सफर करने वाले लोगों को हो रही थी। हालांकि दो दिन बाद तीसरे दिन गिने चुने यात्री बसों का सड़को पर आवागमन शुरू हुआ। आज गुरुवार को स्थिति पूरी तरह से सामान्य होने की संभावना जताई जा रही है।



बसों का पहले की तरह यथावत आवागमन व अन्य बड़े वाहन भी सड़कों पर दौड़ती हुई नजर आएगी। इसके साथ ही बुधवार को पेट्रोल पंपों में भी पेट्रोल डीजल के लिए लोगों को समस्याओं का सामना करना नहीं पड़ा। हालांकि कुछ पंपों में पेट्रोल तथा डीजल उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें अपना पंप बंद रखना पड़ा, जबकि जिन पंपों में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल डीजल था, वहां वाहन चालकों को बिना किसी परेशानी के आसानी से पेट्रोल डीजल मिल रहा था।

## मुख्यमंत्री साय से भाजपा नेता राकेश ने की मुलाकात



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के नेता राकेश यादव ने राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर विभिन्न जनकल्याण योजनाओं के संबंध में चर्चा की व नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर होगा। राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश नित–नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। श्री यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री से उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास, प्रगति और जनहित से जुड़ी विभिन्न जनकल्याण योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

**चौहान, मानकर ने किसानों से चर्चा कर सुविधाओं की ली जानकारी**

## धान खरीदी केन्द्र पहुंचे भाजपा नेता, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

डौंडी भाजपा के पदाधिकारियों ने बुधवार को धान खरीदी केन्द्र पहुंचकर किसानों से मुलाकात की। इस दौरान किसानों से केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, बारदाने की उपलब्धता, टोकन काटने की प्रक्रिया और भुगतान के संबंध में जानकारी ली।

■ किसानों ने व्यवस्था पर जताई संतुष्टि

महामंत्री अजय चौहान और युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव मानकर आज धान खरीदी केन्द्र पंहुचे थे। इस दौरान नेताओं ने खरीदी केन्द्रों में टोकन पंजी, बारदाना पंजी, बारदाना गोदाम, धान बोरे की स्टेकिंग, ड्रेनेज और पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कृषकों से चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कृषकों ने कहा कि उन्हें धान बेचने में कोई समस्या नहीं आ रही है। बड़ी ही सरलता से उन्हें टोकन प्रदान किए जा रहे हैं और धान के तौल में भी कोई गड़बड़ी नहीं हो रही है। वे प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए किए गए इंतजामों से संतुष्ट हैं।



किसान मन्नूराम से धान बोनस राशि की जानकारी लेने पर बताया कि उसे दो वर्ष की बोनस राशि 6 हजार 315 रूपये प्राप्त हुआ है। भाजपा नेता अजय चौहान ने संवाददाता को बताया की क्षेत्र में धान कोचिया सक्रिय हैं, मंडी सचिव के पद में बैठे जिम्मेदार अधिकारी का दौरा नही होने से कोचियों के हौसले बुलंद हैं। जिससे किसानों को वास्तविक लाभ नही मिल रहा है, धान कोचियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

